आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :524 पृष्ठ -4 दिनांक 26 जुलाई 2025 दिन शनिवार

# यूपी में मानसून फिर एक्टिव, आज 19 जिलों में मेघगर्जन के साथ भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी

## अगले पांच दिनों तक अलग–अलग हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई

उत्तर प्रदेश में मानसून फिर से पलटी मारने जा रहा है. प्रदेश में फिर तेज बारिश का सिलसिला शुरू होने जा रहा है. आज (25 जुलाई) 30 जिलों में झमाझम बारिश होने का अनुमान जताया गया है, लोगों को इस दौरान सावधान रहने की सलाह दी गई है. अगले पांच दिन कई जगहों पर भारी से भारी बारिश होने का अनुमान है. मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को प्रदेश के दोनों संभागों में बौछारें पड़ने का अनुमान हैं. पश्चिमी यूपी में आज कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है. यहीं कहीं मेघ गर्जन के साथ वज्रपात का अनुमान है. संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है. पूर्वी यूपी में मानसून पूरी तरह सक्रिय दिख रहा है. आज अनेक स्थानों पर गरज–चमक के साथ बारिश की बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है. संभाग में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात और कहीं–कहीं बहुत ज्यादा भारी बारिश होने की चेतावनी दी गई है. बारिश की वजह से लोगों को जलभराव और ट्रैफिक जाम की समस्या हो सकती है. आने वाले दिनों में और तेज बारिश की चेतावनी दी गई है.  इन जिलों बहुत भारी बारिश का अलर्टयूपी में आज ललितपुर, झांसी, महोबा, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, मीरजापुर, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी और गाजीपुर में सभी स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ भारी बारिश होने की चेतावनी दी गई है. इन जिलों में बिजली गिरने का भी अलर्ट है.जौनपुर, सुल्तानपुर, चंदौली, अंब. डकर नगर, आजमगढ़, मऊ और बलिया व आसपास के इलाकों में अनेक स्थानों पर बारिश होगी. कही–कहीं भारी बारिश की संभावना जताई गई है. इसके अलावा जालौन, कानपुर, उन्नाव, फतेहपुर, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या में अनेक



स्थानों पर बारिश और वज्रपात का अलर्ट है. इन जिलों में एक या दो जगहों पर बा. रिश का अनुमानआगरा, फिरोजाबाद, मै. नपुरी, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, हरदोई, सीतापुर, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, महारा. जगंज, कुशीनगर, गोरखपुर और संत कबीर नगर में कुछ स्थानों पर बारिश होगी. यहां कोई चेतावनी नहीं दी गई है. सहारनपुर, शामली, बिजनौर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, नोएडा, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज, बदायूं, संभल, अमरोहा, मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और लखीमपुर खीरी में एक या दो जगहों पर बौछारें पड़ सकती हैं. इन जिलों में कोई अलर्ट नहीं है.

## आगरा में अज्ञात वाहन ने ऑटो में मारी टक्कर, दर्दनाक सड़क हादसे में बच्चे समेत 3 की मौत

आगरा–फिरोजाबाद हाईवे पर शुक्रवार (25 जुलाई) की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया. एत्मादपुर थाना क्षेत्र के सतौली कट के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया. इस हादसे में ऑटो सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.इस हाइवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाद मौके पर चीखपुकार मच गई, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत बचाव कार्य शुरू किया. आगरा के थाना एत्मादपुर क्षेत्र के आगरा फिरोजाबाद हाइवे पर उस चीखपुकार मच गई जब एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दी. जिसके चलते भीषण सड़क हादसा हो गया.इस भीषण सड़क हादसे में एक बच्चे सहित तीन की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए. ऑटो फिरोजाबाद की ओर से आगरा आ रहा है तभी सतली कट के पास यह हादसा हो गया. सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.फिरा. जाबाद की ओर से आगरा आ रहे ऑटो को तेज रफ्तार वाहन ने इतनी तेज टक्कर मारी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए. टक्कर के बाद बीच हाइवे पर ऑटो पलट गया. पुलिस अब सीसीटीवी कैमरों की मदद से ऑटो में टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

## 25 साल की लड़की... कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के बयान पर बवाल, महिला अधिवक्ताओं ने की शिकायत



मथुरा में वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ महिला अधिवक्ताओं ने शिकायत की है. उन पर महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक और शर्मनाक बयान देने का आरोप हैं. उनका सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमे वो आपत्तिजनक टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं. दरअसल वृंदावन स्थित गौरी गोपाल आश्रम के पीठाधीश्वर प्रसिद्ध कथा वाचक अनिरुद्दाचार्य द्वारा अपने मंच से महिलाओं को लेकर आपत्ति. जनक टिप्पणी की थी. उन्होंने कहा कि ष्पहले 14 वर्ष की उम्र में शादी हो जाती थी तो वो परिवार में घुल मिल जाती थी लेकिन, अब 25 साल के लड़कियां जब घर में आती है तो कहीं ना कहीं मुंह मार चुकी होती है.ष अनिरुद्धाचार्य का ये बयान सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है, जिस पर लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही है. उनके महिलाओं पर दिए गए इस बेतुके और शर्मनाक बयान के विरोध में महिला अधिवक्ताओं ने एसएसपी से शिकायत की है और उन पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. बताया जा रहा है कि अनिरुद्धाचार्य का यह बयान पुराना है लेकिन, अब यह सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ और मथुरा की महिला अधिवक्ताओं की नजर में आया है. जिसे लेकर गुरुवार को महिला अधिवक्ताओं ने बैठक की, मथुरा एसएसपी श्लोक कुमार से इसकी लिखित शिकायत की है. आपको बता दें कि अनिरुद्धाचार्य का विवादित बयानों से नाता रहा है. पहले भी वो भगवान और महिलाओं पर आपत्तिजनक बयान दे चुके हैं. बताया जा रहा है कि महिला अधिवक्ता अब उनके इस बयान के खिलाफ प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही हैं.  वहीं बार एसोसिएशन ने भी इन महिला अधिवक्ताओं का समर्थन किया है. बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कहा कि यह बहुत ही आपत्तिजनक बात है हम इसका विरोध करते हैं. ऐसे संतो के खिलाफ हम कड़ी से कड़ी कार्रवाई कराएंगे.

## गोरखपुर CM योगी ने 26वीं वाहिनी PAC के 11 मंजिला बैरक टॉवर का किया लोकार्पण दंगाइयों को चेताया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो उत्तर प्रदेश आठ वर्ष पहले तक दंगा प्रदेश के रूप में बदनाम था, गुंडों–माफिया से तबाह था, वही उत्तर प्रदेश आज कानून व्यवस्था का मानक पेश कर रहा है. दंगामुक्त और गुंडामुक्त उत्तर प्रदेश आज अनुशासित और उत्सव प्रदेश की पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है. सीएम योगी गुरुवार को 26वीं वाहिनी पीएसी परिसर में 11 मंजिला बैरक टॉवर तथा 30 बेड के हॉस्पिटल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि आज कोई भी बाहरी व्यक्ति कानून व्यवस्था के मामले में यूपी पर हंस नहीं सकता, अंगुली नहीं उठा सकता. यूपी का नौजवान आज कहीं भी जाता है तो सम्मान पाता है. जबकि आठ वर्ष पहले यहां के नौजवान को यूपी के नाम पर एक कमरा तक नहीं मिलता था. यूपी के नाम पर बाहर के लोगों के सामने डरावना दृश्य होता था. आज इन सबसे उबरकर नए भारत का नया उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था की नजीर प्रस्तुत करने वाला राज्य बन गया है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सेना देश की वाह्य सुरक्षा का दायित्व संभालती है तो आंतरिक मामलों और कानून व्यवस्था के लिए सिविल पुलिस की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है. उन्होंने कहा कि देश की सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर की पुलिस, लगातार पु. लिसकर्मियों की कमी और अवस्थापना सुविधाओं की चुनौतियों से जूझ रही थी. आठ साल पहले यहां शांति की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी, यह सपना था. तब पुलिस के लाखों पद खाली थे लेकिन नीयत सही न होने से तत्कालीन सरकारें पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाती थीं. कभी भर्ती में खामी तो कभी बे. ईमानी, भ्रष्टाचार के चलते कोर्ट से रोक लग जाने के चलते नौजवान भटकने को मजबूर थे. सीएम योगी ने अपनी सरकार के दौरान पारदर्शी पुलिस भर्ती प्रक्रिया की चर्चा करते हुए बताया कि आठ साल में 2 लाख 16 हजार भर्तियां यूपी पुलिस में की गई हैं. इसमें न सिफारिश की गुंजाइश थी और न ही भ्रष्टाचार की. इन भर्तियों में हाल ही में हुई दुनिया की सबसे बड़ी 60244 पुलिसकर्मियों की भर्ती भी शामिल है.मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ साल पहले उत्तर प्रदेश में पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण की क्षमता केवल तीन हजार की थी. जबकि आज यह कई गुना बढ़ गई है. आज 60 हजार से अधिक प्रशिक्षु प्रदेश के 112 प्रशिक्षण केंद्रों पर एकसाथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. पहली बार मुख्यमंत्री बनने के दो माह बाद लखनऊ पुलिस लाइन के निरीक्षण के दौरान जर्जर अवस्थापना सुविधाओं का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि तब पुलिस कार्मिकों के लिए सुविधाओं का काफी अभाव था. इसे देखते हुए उन्होंने हर थाने, पुलिस लाइंस और पीएसी की वाहिनियों में अवस्थापना सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए. योगी आदित्यनाथ ने पीएसी के बैरक टॉवर का निरीक्षण किया.

## 26 से 27 जुलाई की रात तक बाहरी वाहनों का प्रवेश बंद, चार जोन व 18 सेक्टर में बांटा वृंदावन

वृंदावन। 27 जुलाई को हरियाली तीज के त्योहार पर ठाकुर बांकेबिहारी के विशेष दर्शनों को लेकर प्रशासन एवं पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए नगर को चार जोन व 18 सेक्टर में बांटा है।26 जुलाई की सुबह से 27 जुलाई की रात तक बाहरी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। नगर के सभी प्रवेश मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। बैठक में व्यापारियों ने अनियंत्रित ई–रिक्शा से नगरवासियों को होने वाली समस्या को उठाया।पुलिस प्रशासन ने वृंदावन शोध संस्थान में हरियाली तीज पर देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर बनाए गए यातायात प्लान को बैठक में मौजूद व्यापारी व होटल संचालकों के सामने रखा। इसमें बताया नगर को सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए चार जोन और 18 सेक्टर में बांटा गया है। इस बार पिछली बार से छह सेक्टर अधिक बनाए गए हैं।नगर में 70 पाइंट बनाए गए हैं, जहां बैरियर लगाकर वाहनों को रोका जाएगा। इन सभी बैरियर पर पीएसी के जवान, पुलिस बल और यातायात पु. लिसकर्मी तैनात रहेगा। इस व्यवस्था के लिए दो कंपनी पीएसी, 850 सिपाही, सभी जोन पर सीओ रैंक के अधिकारी, सभी से. क्टरों पर एक–एक इंस्पेक्टर रैंक के



अधिकारी तैनात रहेंगे। इसके अलावा अन्य जिलों से दस टीएसआइ, 43 हेड कांस्टेबल और दो यातायात निरीक्षक भी तैनात किए जाएंगे।एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया यातायात व्यवस्था को लेकर 26 जुलाई की सुबह से 27 जुलाई की रात तक बाहरी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। यदि हरियाली तीज से पहले आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए वाहनों की नो एंट्री एक दिन पहले से भी की जा सकती है। बाहरी वाहन प्रवेश मार्गों बनी स्थाई और अस्थाई पार्किंग में खड़े करके ही नगर में ई–रिक्शा और गोल्फ कार्ट से मंदिर तक श्रद्धालु आएंगे। श्रद्धालु अपने जूता चप्पल भी कार में उतारकर आएं।उन्होंने बताया बांकेबिहारी मंदिर को जाने आने की व्यवस्था वन वे रहेगी। जुगलघाट की ओर से आने वाले श्रद्धालु बांकेबिहारी मंदिर के एक नंबर गेट से बाहर निकलेंगे। जबकि विद्यापीठ चौराहा की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन करने के बाद चार नंबर गेट से बाहर निकलेंगे। अन्य मंदिरों को जाने वाले रास्तो में बैरिकेडिंग लगाई जाएगी और पुलिस बल तैनात रहेगा।डीएम सीपी सिंह ने नगर निगम को मार्गों से अतिक्रमण हटाने, मार्गों पर हो रहे गड्ढे भरने, खुली नालियों और पुलियों को ढकने एवं सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।डीएम सीपी सिंह ने कहा लोग जिला प्रशासन व पुलिस का त्योहार पर व्यवस्था में सहयोग करें। ताकि बाहर से आने वाले लाखों श्रद्धालु को सहज दर्शन हो सकें और वह अच्छा संदेश लेकर यहां से जाएं।

# मोदी सरकार के मंत्री के इस वादे की मायावती ने की तारीफ

केंद्र सरकार की तरफ से सदन में साफ कर दिया है कि वो संविधान की प्रस्तावना से सोशलिज्म और सेक्युलरिज्म नहीं हटा रही है जिस पर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती की प्रतिक्रिया आई हैं. उन्होंने इस बात का स्वागत किया है और कहा कि संविधान में इस तरह के अनुचित बदलाव गलत हैं, ये लोगों के लिए राहत की खबर है. बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर लिखा– देश के कानून मंत्री का कल संसद में दिया गया बयान कि संविधान की प्रस्तावना से 'सेक्युलरिज़्म' (धर्मनिरपेक्षता) आदि शब्द हटाने सम्बंधी सरकार की ना कोई नीयत है और ना ही ऐसा कुछ विचाराधीन है, यह उचित एवं सराहनीय हैखासकर हमारी पार्टी बी.एस. पी. सहित देश व दुनिया भर में उन सभी लोगों के लिए राहत की खबर है व अच्छा आश्वासन है जो परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के संविधान में इस प्रकार के किसी भी अनुचित बदलाव या छेड़छाड़ के पूरी तरह विरुद्ध हैं तथा ऐसी उठने वाली गलत मांग को लेकर चिन्तित भी थे.वैसे भी यह सर्वविदित है कि अपना भारत देश हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध व पारसी आदि विभिन्न धर्मों के मानने वाले लोगों का विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है तथा संविधान के जरिए विविधता में एकता की विशेषता इसकी बेमिसाल पहचान दुनिया भर में है. सभी धर्मों के मानने वाले लोगों को एक समान आदर–सम्मान देने व समतामूलक समाज व्यवस्था आदि की सोच को लेकर ही बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान रचा और जिसकी झलक संविधान में हर कदम पर मिलती है.केन्द्र सरकार ने संविधान को लेकर ताजा विवाद के सम्बंध में संविधान की पवित्र मंशा के हिसाब से अपनी स्थिति स्पष्ट की है, यह अच्छी बात है तथा सरकार बिना किसी की परवाह व चिन्ता किये हुए अपने इस स्टैण्ड पर कायम रहेगी, ऐसी देश की चाहत व उम्मीद भी है. बता दें कि कानून मंत्री ने सदन में ये साफ कर दिया है कि संविधान की प्रस्तावना से सोशलिज्म और सेक्युलरिज्म शब्द नहीं हटाया जा रहा है, सरकार ऐसा कुछ नहीं कर रही है.

## उत्तराखंड में बारिश का कहर जारी, पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश का यलो अलर्ट, आपदा विभाग सतर्क

उत्तराखंड में इन दिनों मानसून पूरी तरह से सक्रिय है. प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार रुक–रुक कर बारिश हो रही है. जिसकी वजह से तमाम स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे बाधित हो गए हैं. मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है. उत्तराखंड मौसम विभाग के मुताबिक आज राज्य के पर्वतीय जिलों में कुछ स्थानों में हल्की मध्यम बा. रिश हो सकती है. राज्य के रुद्रप्रयाग बा. गेश्वर जनपदों में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है. इस दौरान गरज चमक के साथ बिजली गिरने का भी अलर्ट है. प्रदेश के पहाड़ी जनपदों के कुछ क्षेत्रों में बिजली चमक के साथ तेज हवाएं चलेंगी. जिसको देखते हुए मौसम विभाग नहीं येलो अलर्ट जारी किया है. प्रदेश की राजधानी देहरादून में भी आज सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं. आज यहां हल्की बारिश होने की संभावना है. देहरादून में बारिश की वजह से तापमान में भी कमी आई है. यहां अधिकतम तापमान 34 डिग्री से 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है. हालांकि मैदानी इलाकों में उमस भरी गर्मी ने लोगों को पसीना निकाल दिया है. इन जगहों पर चिपचिपी गर्मी से लोग परेशान हैं.प्डक अलर्ट को देखते हुए प्रशासन ने आपदा प्रबंधन विभाग को भी सतर्क रहने की अपील की है. लोगों को बारिश के वक्त सावधानी बरतने को कहा गया है.  नदी और बरसाती नालों से दूर रहे निर्देश हैं. बारिश के समय में ये खतरनाक हो सकते हैं. एनडीआरएफ एसडीआरएफ की टीमों को संवेदनशील जगहों पर पहले से तैनात किया गया है. ताकि आपदा के समय तत्काल मदद पहुंचाई जा सके. मौसम को देखते हुए लोगो से भी घर में रहने की अपील की गई है. बहुत जरूरी हो तो ही घर से बाहर निकले और सुरक्षित रहें

# स्कूल में कीटनाशक छिड़काव से बच्चों की बिगड़ी तबीयत हाथरस में कक्षा-11 की छात्रा हुई बेहोश, जिला अस्पताल में भर्ती

हाथरस के सिकंद्राराऊ रोड पर स्थित बलवंत सिंह सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में कीटनाशक दवा के छिड़काव के बाद 6 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। स्कूल प्रशासन ने मच्छरों का प्रकोप रोकने के लिए कीटनाशक का छिड़काव करवाया था।घटना हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेमपुर के निकट स्थित स्कूल में हुई। सुबह के समय कीटनाशक के प्रभाव से कई बच्चे अस्वस्थ हो गए। इनमें कक्षा 11 की छात्रा अमृता, जो गांव बरौली थाना हाथरस जंक्शन की निवासी है, उसकी हालत अधिक गंभीर थी और वह बेहोश हो गई।अन्य बच्चों का भी इलाज जारी इसकी जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। अमृता को पहले प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। बाद में



उसके परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। कुछ अन्य बच्चों का इलाज प्राइवेट अस्पताल में कराया गया। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन से सुरक्षा मानकों का पालन करने की मांग की है।

## सासनी में बारिश के बाद सब्जी मंडी बनी तालाबरूजल भराव से व्यापारी, किसान और पल्लेदार परेशानय निकासी की व्यवस्था नहीं

सासनी में बृहस्पतिवार की देर रात हुई बारिश के कारण स्थानीय सब्जी मंडी में जल भराव हो गया। इससे व्यापारी, आढ़ती, किसान और पल्लेदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।व्यापारियों के अनुसार, कुछ दिन पहले ही करोड़ों रुपए खर्च करके मंडी का सुंद. रीकरण किया गया था। लेकिन अधिकारियों ने पानी निकासी का कोई उचित प्रबंध नहीं किया। मंडी प्रशासन द्वारा अब तक जमा पानी की निकासी के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।किसानों ने बताया कि सब्जी मंडी का स्थान नीचा होने के कारण बारिश के समय यहां पानी भर जाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग का नाला ऊंचा है और मंडी में पानी निक. ासी की कोई व्यवस्था नहीं है। इस कारण बरसात के मौसम में अक्सर जल भराव की समस्या बनी रहती है।बृहस्पतिवार की बा. रिश के बाद मंडी पूरी तरह तालाब में तब्दील हो गई। किसान और पल्लेदार गंदे पानी से होकर निकलने को मजबूर हुए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मंडी में साफ–सफाई का अभाव है, जिससे दुर्गंध भी फैलती है।व्यापारियों का कहना है कि मंडी प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी यहां कभी नहीं आते। उनका ध्यान केवल राजस्व वसूली पर है, जबकि मंडी की बुनियादी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। इस स्थिति से मंडी में आने वाले सभी लोग परेशान हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत, परि. जनों में मचा कोहरामय सभी का रो रोकर बुरा हाल

शुक्रवार की सुबह लगभग तीन बजे सिकंद्राराऊ के कासगंज रोड पर पुरानी चुंगी गांव फरीदाबाद जाने वाली सड़क किनारे एक 30 वर्षीय मजदूर का शव मिला हैं। मृतक के शरीर पर घाव के निशान पाए गए। आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से इसकी मृत्यु हुई है।जानकारी के अनुसार गांव नगला हरी निवासी अजय कुमार पुत्र राजवीर यादव आयु 30 वर्ष मजदूरी का काम करता है। यह अक्सर बिल्डिंग मैटेरियल लाने वाले ट्रकों से चंबल बालू और गर्दा उतारता है। गुरुवार की देर शाम तक इसने कासगंज रोड पर एक जगह ट्रक से बिल्डिंग मैटेरियल उतरा था। उसके बाद यह रात को घर पर नहीं पहुंचा। सुबह करीब तीन बजे पुलिस द्वारा इसकी मौत की जानकारी परिजनों को मिली। गांव में मौत की खबर पहुंचते ही हाहाकार मच गया।मृतक काफी गरीब था और इस पर तीन बेटी और एक बेटा हैं। इसकी पत्नी गर्भवती है और उसे बच्चा होने वाला है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी खंगाल कर उस वाहन की जानकारी कर रही है जिससे कि कुचलकर इसकी मौत हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## नर्स से दुष्कर्म का आरोपी दवा विक्रेता गिरफ्तारऱूरेप कर ब्लैकमेल करने का आरोप, फरार आरोपियों की तलाश जारी

हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में कार्यरत रही नर्स के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने गुरुवार की शाम को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अलीगढ़ जिले की निवासी एक विवाहिता नर्स ने करीब सवा दो साल पहले इस निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स के रूप में काम किया था। पीड़िता का आरोप है कि अस्पताल परिसर में संचालित दवा दुकान के मालिक ने उसके साथ दुष्कर्म किया।आरोपी ने उसके फोटो और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया और देह व्यापार के लिए मजबूर किया। पीड़िता ने एसपी को पत्र देकर इस मामले की शिकायत की थी। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पांच दिन पहले आरोपी दवा विक्रेता अनिल यादव, हॉस्पिटल संच. ालक सहित पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कोतवाली प्रभारी अवधेश कुमार ने फॉरेंसिक टीम के सदस्यों के साथ निजी अस्पताल में पहुंचकर छानबीन की। इस घटना के बाद से अस्पताल बंद चल रहा है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि आरोपी अनिल यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

## हाथरस में सड़क किनारे मिला युवक का शवरूशरीर पर चोट के निशान, अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत की आशंका

हाथरस में शुक्रवार सुबह कासगंज रोड पर पुरानी चुंगी के पास फरीदाबाद जाने वाली सड़क किनारे एक 30 वर्षीय मजदूर का शव मिला है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान हैं। अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत होने की आशंका जताई जा रही है।मृतक की पहचान गांव नगला हरी निवासी अजय कुमार पुत्र राजवीर यादव के रूप में हुई है। अजय मजदूरी करता था और अक्सर बिल्डिंग मटेरियल लाने वाले ट्रकों से सामान उतारने का काम करता था। बृहस्पतिवार की देर शाम तक उसने कासगंज रोड पर एक जगह ट्रक से बिल्डिंग मटेरियल उतारा था। इसके बाद वह रात को घर नहीं पहुंचा। शुक्रवार सुबह पुलिस द्वारा परिजनों को उसकी मौत की सूचना दी गई।गांव में मौत की खबर पहुंचते ही हाहाकार मच गया। मृतक काफी गरीब था और उसके तीन बेटियां और एक बेटा है। उसकी पत्नी गर्भवती है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर उस वाहन की जानकारी जुटाने में जुटी है जिससे कुचलकर अजय की मृत्यु हुई। पुलिस ने शव को पा. ेस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हाथरस में बिजली संविदा कर्मी का शव मिला 22 जुलाई से था लापता, परिवार ने जताई हत्या की आशंका

हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव रति का नगला के पास शुक्रवार सुबह एक बिजली संविदा कर्मी का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिवार के लोग भी वहां आ गए।युवक की पहचान हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव जैतपुर निवासी 30 वर्षीय हेमंत पुत्र सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। हेमंत विद्युत विभाग में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत था। वह 22 जुलाई की दोपहर से अपने घर से गायब था।परिवार के लोगों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। शुक्रवार सुबह उसका शव गांव रति का नगला के पास मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच–पड़ताल और पूछताछ की।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बीच, मृतक के परिवार ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस इस मामले को लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग हाथरस में हिंदूवादी संगठनों ने पहुंचे कलेक्ट्रेट, PM के नाम DM को सौंपा ज्ञापन


हाथरस में आज शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी और सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। प्रधानमंत्री के नाम संबोधित इस ज्ञापन में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में भारत के किसी भी प्रदेश में हिंदू समाज सुरक्षित नहीं है। हिन्दुओं के त्यो. हारों पर देश के विभिन्न हिस्सों में हमले होते हैं।संगठनों ने पिछले दिनों बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुए दंगे और पहलगाम में हुई घटना का उल्लेख किया। ज्ञापन में देश में बढ़ती जनसंख्या का एक कारण बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ को बताया गया है। संगठनों ने इस घुसपैठ को रोकने और घुसपैठियों को बाहर निकालने की मांग की है। साथ ही धर्मांतरण करने वाले गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई है।संगठनों ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए कठोर कानून बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि कोई व्यक्ति एक या एक से अधिक पत्नियों से दो से ज्यादा बच्चे पैदा करता है, तो उसे आजीवन कारावास जैसे कठोर दंड का प्रावधान किया जाए। साथ ही ऐसे परिवारों को मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाओं को प्रतिबंधित करते हुए मताधिकार भी समाप्त किया जाए।ज्ञापन देने वालों में विभाग अध्यक्ष राहुल उपाध्याय, जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अभिषेक खंडेलवाल, आशुतोष अग्रवाल, विशाल कश्यप, कृष्ण देव राय, पीके मित्तल, रजत सोनी, संदीप राजपूत, यश ठाकुर, वंश ठाकुर आदि शामिल थे।

## सब्जी बेचकर घर लौट रहे किसान की तबीयत बिगड़ी सासनी सीएचसी के गेट पर बेहोश हुआ, परिजन निजी अस्पताल लेकर गए

सासनी में शुक्रवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई। 25 वर्षीय गौतम पुत्र हजारीलाल निवासी खेड़ा फिरोजपुर की तबीयत अचानक बिगड़ गई। वह सुबह अपनी सब्जी लेकर सब्जी मंडी आया था। सब्जी बेचने के बाद जब वह घर लौट रहा था, तभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर पहुंचते ही उसकी हालत खराब हो गई।गौतम साइकिल से उतरकर खड़ा हुआ और अचानक बेहोश हो गया। आ. सपास के राहगीरों ने उसे देखा और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए। सूचना मिलते ही गौतम के परिजन भी स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए।स्वास्थ्य केंद्र में करीब एक घंटे तक उपचार चला, लेकिन गौतम को होश नहीं आया। इसके बाद परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। रिपोर्ट के अनुसार, निजी अस्पताल में भी उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी।घटना सुबह की है जब गौतम अपनी रोजमर्रा की तरह सब्जी बेचने आया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह नियमित रूप से सब्जी मंडी में अपनी उपज बेचने आता था।

## दुष्कर्म के मुख्य आरोपी को 20 साल की कैद नाबालिग के साथ किया था रेप, साल 2022 की है घटना

हाथरस में न्यायालय ने दुष्कर्म के एक मामले में मुख्य आरोपी को 20 साल की कैद और 19 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को एक–एक साल की कैद और एक–एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा दी गई है।घटना सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। 16 दिसंबर 2022 की रात लगभग 1 बजे एक व्यक्ति ने अपनी 11 वर्षीय बेटी को चारपाई पर सोते हुए नहीं देखा। तलाश करने पर उसकी बेटी बेहोशी और अर्धनग्न अवस्था में पड़ोसी धर्मपाल के घर में मिली।पीड़िता के परिवार के लोगों ने जब वहां कहासुनी की तो ललित उर्फ गुड्डू, धर्मपाल और चंद्रावती ने उनके साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि जब वह रात में शौच के लिए गई थी,




तब ललित उर्फ गुड्डू उसे कुछ सुंघाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया।विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) चित्रा शर्मा के न्यायालय में हुई। दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने मुख्य आरोपी ललित उर्फ गुड्डू को 20 साल की कैद और 19 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई।अन्य दोनों आरोपियों धर्मपाल व चंद्रावती को एक–एक साल की कैद और एक–एक हजार रुपए जुर्माने की सजा दी गई। अर्थदंड न देने पर इन्हें अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि कुल जुर्माने की राशि 21 हजार रुपए पीड़िता को प्रतिकर के रूप में दी जाए। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी एडीजीसी त्रिलोकीनाथ शर्मा ने की।

## अजब प्रेम की गजब कहानी! 14 साल के लड़के के साथ भाग गई तीन बच्चों की मां, पिता बेटे की तलाश में भटक रहा

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक अजब प्रेमी कहानी सामने आई है। यहां तीन बच्चों की मां अपने नाबालिग प्रेमी को बहला फुसलाकर भगा ले गई। अब किशोर का पिता अपने बेटे की तलाश में भटक रहा है और थाने पुलिस के चक्कर लगा रहा है। पीड़ित पिता ने पुलिस को एक तहरीर दी है। कहा है कि पूनम पत्नी जयपाल निवासी जलाली जिला अलीगढ़ उसके 14 वर्षीय बेटे लक्ष्मण को बहला फु. सलाकर अपने साथ ले गई है।हाथरस के थाना चदपा क्षेत्र के गांव अल्हेपुर चुरसैन का है। यहां राजेन्द्र सिंह के सबसे छोटे बेटे लक्ष्मण के साथ वारदात हुई। महिला पूनम पत्नी जयपाल उनके 14 वर्षीय बेटे लक्ष्मण को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गई। रिश्तेदार होने के नाते पूनम का अक्सर उनके घर पर आना जाना था। उन्होंने बताया कि 14 वर्षीय लक्ष्मण से उसकी पहचान बढ़ गई। दोनों प्रेम में इस कदर पगला हुए कि उम्र और रिश्तों को तार–तार कर दिया।किशोर के पिता राजेंद्र ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए बताया कि पूनम उनके छोटे बेटे लक्ष्मण को अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गई है। इस बात की जानकारी मुझको बाजार से लौटकर आने पर बड़े बेटे सुनील की बहू ने दी। इसके बाद काफी खोजबीन और तलाश करने के बाद भी बेटा नहीं मिला। पीड़ित ने पुलिस से बेटे की तलाश करने का आग्रह किया।

# एटा चुंगी चौराहे पर किन्नरों ने किया नग्न प्रदर्शन, पूरे थाने को सस्पेंड करने की मांग, हंगामा

एक से डेढ़ घंटे तक जाम में स्कूली बसें, रोडवेज बसें, ट्रक और टिर्री आदि फंस गए। जाम से परेशान एक व्यक्ति ने किन्नरों के विरोध का विरोध किया तो किन्नरों ने उसे दोड़ा दिया। किन्नरों का एक साथी प्रदर्शन करते हुए कह रहा था कि अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं आत्मदाह कर लूंगा।अलीगढ़ के एटा चुंगी चौराहे पर सुबह जब स्कूल की बसें बच्चों को लेने जा रहीं थीं। धनीपुर मंडी के लिए लोग खरीदारी के लिए जा रहे थे। चार–पांच किन्नरों ने चौराहे पर अपनी गाड़ी रोकली। उसमें से किन्नर निकले और चौराहे को चारों ओर से जाम कर दिया। वहां के कुछ वाहनों को चौराहे पर खड़ा कर उनकी चाबियां निकाल लीं। चौराह चारों और से ब्लॉक हो गया। किन्नरों ने चौराहे पर अपने कपड़े उतारे और वहां पुलिस वालों के खिलाफ नग्न प्रदर्शन करने लगे। उनके प्रदर्शन से वहां और राहगीर इकट्ठा हो गए। किन्नरों ने प्रदर्शन करते हुए पूरे महुआखेड़ा थाने को सस्पेंड करने की मांग शुरू कर दी। सूचना पर चौराहे पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मी भी पहुंच गए। पुलिस ने किन्नरों को बहुत समझाया, पर वे नहीं माने। किन्नरों ने पुलिस पर पीटने का आरोप भी लगाया। किन्नरों का कहना था कि उनके साथी से रुपये आदि लूट लिए गए और जब महुआखेड़ा थाने गए तो वहां पर पुलिस वालों ने भी विरोधियों की सुनी और उनके साथ मारपीट की। चौराहे पर किन्नर अड़ गए कि जब तक यहां डीएम, एसएसपी, सांसद सतीश गौतम नहीं आएंगे, तब तक जाम नहीं खोला जाएगा। किन्नर पूरे महुआखेड़ा थाने का सस्पेंड करने की मांग करने लगे। एक से डेढ़ घंटे तक जाम में स्कूली बसें, रोडवेज बसें, ट्रक और टिर्री आदि फंस गए। जाम से परेशान एक व्यक्ति ने किन्नरों के विरोध का विरोध किया तो किन्नरों ने उसे दोड़ा दिया। किन्नरों का एक साथी प्रदर्शन करते हुए कह रहा था कि अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं आत्मदाह कर लूंगा। किन्नर लगातार ओयो होटलों को भी बंद कराने की मांग कर रहे थे। किन्नरों ने विरोधी युवकों को पकड़कर उन पर कार्रवाई करने की मांग की।विरोधी युवकों को थाने में बुलाने के आश्वासन पर किन्नरों ने जाम खोला। तब कहीं जाकर स्कूली बसें और अन्य वाहन जाम में से निकले। उसके बाद सभी किन्नर वहां से महुआखेड़ा थाने पहुंच गए, जहां उन्होंने जमकर हंगामा किया

## गूलर रोड व खैर रोड निर्माण कार्यों एवं सफाई व्यवस्था का नगरायुक्त द्वारा किया गया स्थलीय निरीक्षण।

मानव संसाधन की कार्यकुशलता और निर्माण गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर सहायक अभियंता सर्वश्री राजवीर सिंह एवं दानिश नकवी हैदर और अवर अभियंता श्री गिरीश कुमार के वेतन आहरण पर लगाई रोक।सफाई व्यवस्था में कमी पाए जाने पर स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक सर्वश्री अनिल सिंह, रामजीलाल व विजय आर्सोल और सफाई नायक श्री नरेश कुमार के वेतन आहरण पर लगाई रोक – सुखमा संस को जारी किया नोटिस।आज दिनांक 25 जुलाई 2025 को प्रातः 09रू30 बजे नगरायुक्त द्वारा सीएम ग्रिड्स योजनान्तर्गत निर्माणाधीन गूलर रोड और खैर रोड का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगरायुक्त ने विभिन्न तकनीकी और गुणवत्ता संबंधी खामियों पर सख्त नाराजगी जताई और सुधार हेतु निर्देश दिए।निरीक्षण के मुख्य बिंदु और निर्देशरूगूलर रोड दृ मंत्रा बैंक्वेट हॉल के सामने नाले का संरेखण गलत पाया गया और स्लैब्स के निर्माण में भवन की दीवार से गैप छोड़ा गया था। मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया कि नाले की स्लैब्स को सही प्रकार से पुनर्निर्मित कराना सुनिश्चित करें। सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता से स्पष्टीकरण तलब किया गया। कार्यकुशलता पर सवाल नाला निर्माण कार्य में तैनात मानव संसाधन की कार्यकुशलता बेहद कमजोर पाई गई। मुख्य अभियंता को लगातार निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए गए। तेज गति से कार्य हेतु निर्देश निर्माण कार्य को एक दिशा में बढ़ाते हुए हर 50 मीटर पर लेबर लगाने और सीएंडडी वेस्ट को तत्काल हटवाने के निर्देश। पैवर ब्लॉक्स लगाने का आदेशगूलर रोड पर नाले के स्लैब्स को यूं ही छोड़ देने की जानकारी मिलने पर नगरायुक्त ने कहा दृ सभी स्लैब्स पर पैवर ब्लॉक्स लगाए जाएं, जिससे चलने में सुविधा और सौंदर्य दोनों सुनिश्चित हो। खैर रोड दृ सीएंडडी वेस्ट हटाने में लापरवाही यातायात प्रभावित होने की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए तत्काल मलबा हटवाने व बैरिकेडिंग कराने के निर्देश। नाले के संरेखण में अनियमितता स्टार गारमेंट्स दुकान के सामने नाले को अनावश्यक रूप से घुमाया गया। संभावित हितों की पुष्टि होने पर नगरायुक्त ने नाला सीधा बनवाने का आदेश दिया। इस संदर्भ में संबंधित सहायक एवं अवर अभियंता से स्पष्टीकरण मांगते हुए वेतन आहरण पर रोक लगाई सुबह सफाई व्यवस्था नहीं मिलने पर कार्रवाई निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था ठीक न पाए जाने पर एसएफआई से जवाब–तलब किया गया। वेतन आहरण पर लगाई रोक।निरीक्षण के दौरान कही कार्य करते नहीं मिले सफाई कर्मचार नगरायुक्त का बयान"नगर निगम निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। निर्माण स्थलों की तकनीकी समीक्षा और साफ–सफाई दोनों ही हमारी प्राथमिकता हैं। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।"

## विनियमन समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक कलक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति की सभापति डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने की। समीक्षा में समिति के मा0 सदस्य डा0 जयपाल सिंह श्व्यस्तश्, डा0 रतनपाल सिंह, डा0 तारिक मंसूर, चौ0 ऋषिपाल सिंह द्वारा भी मा0 सभापति का सहयोग किया गया। बैठक में जिले से संबंधित विगत दो वर्षों की विधान कार्यवाही, सदन में प्रस्तुत सूचनाओं, विशेषाधिकार हनन, जनप्रतिनिधियों के पत्राचार और उनके निस्तारण की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा नियम–105, 110, 115, 111, 39, 39(क) और 223 के अंतर्गत सदन में प्रस्तुत सूचनाओं का पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया गया। समिति ने सूचनाओं पर हुई कार्रवाई की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि विधानमंडल से प्राप्त किसी भी पत्र या सूचना के निस्तारण में कोई ढिलाई न हो और उत्तर गुणवत्तापरक व समयबद्ध हों। समिति ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण की भूरि भूरि प्रशंसा की। मा0 विधान परिषद सदस्य श्री जगवीर किशोर जैन द्वारा मण्डल गठन के लगभग 10 वर्षों बाद भी मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक के पद सहित अन्य स्वीकृत पदों के सृजन न होने पर चिंता व्यक्त की गई। उन्होंने बताया कि इससे शिक्षकों के सेवा उपरांत देयकों के भुगतान में विलंब हो रहा है। समिति ने इस विषय पर डीआईओएस द्वारा प्रस्तुत उत्तर को असंतोषजनक मानते हुए 15 दिन के भीतर 5 बिंदुओं पर विस्तृत आख्या सदन में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीआईओएस ने बताया कि वर्तमान में किसी शिक्षक या कर्मचारी का वेतन अवरुद्ध नहीं है मा0 सदस्य श्री मानवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा उठाए गए एक बिंदु पर जवाब देने के लिए अधिशासी अभियंता पवन यादव उपस्थित रहे, लेकिन महाप्रबंधक हरदुआगंज तापीय परियोजना की अनुपस्थिति पर समिति ने असंतोष जताया। इसी क्रम में श्री उमेश द्विवेदी एवं श्री सिंह द्वारा एक ग्राम पंचायत में पक्के मार्ग निर्माण की मांग को गंभीरता से लेते हुए समिति ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत की छोटे सीमा क्षेत्र व संसाधन की कमी के बावजूद उक्त मार्ग निर्माण की कार्यवाही की जाए। क्वार्सी क्षेत्र में भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर मामला सिविल प्रकृति का पाया गया है, समिति ने कहा कि अवैध कब्जा हटाने की शर्त पर प्रकरण समाप्त किया जा सकता है जलभराव से



संबंधित मा0 सदस्य श्री जगवीर किशोर जैन के प्रश्न के उत्तर में नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा जल निकासी के लिए अपनाई गई रणनीति से समिति संतुष्ट रही और प्रकरण समाप्त किया गया। बैठक में बताया गया कि नगर निगम में सम्मिलित ग्रामों के विकास के लिए 20 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की जा चुकी है और शासन से अतिरिक्त बजट की मांग की गई है। समिति ने इन वार्डों में शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की कार्ययोजना शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने बताया कि प्रदेश भर में शहरों की प्रभावी जल निकासी के लिए प्रदेश सरकार द्वारा टोपोग्राफी के गहन अध्ययन के लिए निजी संस्था के लिए 06 करोड़ रूपये का बजट जारी किया है जोकि आगामी 06 माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, योजना के प्रथम चरण में अलीगढ़ महानगर को भी शामिल किया गया है एसपी क्राइम ममता कुरील ने बताया कि 11 मार्च को लापता व्यक्ति को बरामद कर लिया गया है। अतरौली में सहकारी बैंक के स्थानांतरण की मांग और पुराने प्रकरणों पर उठाए गए सवालों के सापेक्ष समिति ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सहकारिता विभाग ने बताया कि जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध हैं और सभी सहकारी समितियों पर खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। पशुपालन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के 143 गौ आश्रय स्थलों में लगभग 31,500 गौवंश संरक्षित हैं तथा 2 गौशालाएं नगर निगम द्वारा संचालित की जा रही हैं। समिति ने चारा प्रबंधन, टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान की प्रक्रिया को और प्रभावी ढंग से प्रचारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित कुमार ने जानकारी दी कि आश्रम पद्धति विद्यालय निर्माणाधीन है, जबकि विभाग द्वारा वर्तमान में कोई अन्य विद्यालय संचालित नहीं किया जा रहा। गन्ना अधिकारी मनोज पाण्डेय ने बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक गन्ना भुगतान हो चुका है। गोपी लधौआ प्रकरण में 2013 से लंबित 1.81 करोड़ की आरसी जारी है और 4 अगस्त को नीलामी की कार्यवाही प्रस्तावित है। साथा चीनी मिल में कोई बकाया नहीं है। हथकरघा विभाग ने पावरलूम के 10 कनेक्शन होने की जानकारी दी। मा0 समिति के सदस्यगणों ने वन, प्रदूषण एवं अग्निशमन विभाग को एनओसी की प्रक्रिया सहज बनाने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी विश्वनाथ शर्मा ने बताया कि बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए मथुरा एवं सम्भल के प्लांट उपयोग किए जा रहे हैं। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि विगत वर्ष 502 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें अधिकांश कार्ययोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं। समिति ने सुझाव दिया कि धर्मार्थ कार्य विभाग के माध्यम से पर्यटन विकास की परियोजनाओं को गति प्रदान की जाए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 681 उपकरण प्राप्त हुए हैं, 500 से अधिक पूर्व में वितरित किए जा चुके हैं। बैठक के अंत में सभापति डॉ0 प्रज्ञा त्रिपाठी ने प्रस्तुतिकरण की सराहना करते हुए समिति की अनुशंसाओं के प्रभावी अनुपालन की अपेक्षा जताई। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने समिति के सभापति एवं सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित के मुद्दों पर ठोस कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक का संचालन पीडी भाल चन्द त्रिपाठी द्वारा किया गया। इससे पर सीडीओ प्रखर कुमार सिंह एवं डीडीओ आलोक आर्या द्वारा समिति के सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवं पौधे भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया। बैठक में मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण पाल सिंह, महानगर अध्यक्ष ई0 राजीव शर्मा, डीएम संजीव रंजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एसपी क्राइम ममता कुरील, अनु सचिव अरूण कुमार शर्मा, समीक्षा अधिकारी मयंक यादव, प्रतिवेदक राम प्रकाश, अपर निजी सचिव रविपाल सिंह समेत अन्य पुलिस–प्रशासनिक व जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ में शुक्रवार को BJP सांसद सतीश गौतम के करीबी ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या



सोनू चौधरी, मृतक सतीश गौतम, सांसद

अलीगढ़ में शुक्रवार को ठश्रच सांसद सतीश गौतम के करीबी ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक सवारों ने उनकी क्रेटा कार को घेर लिया। इसके बाद ताबड़तोड़ 4 गोलियां मारीं। कार के शीशे को चीरते हुए गोलियां उनके सीने में जा लगीं। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने घायल प्रॉपर्टी डीलर सोनू चौधरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। कार के अंदर से टीम गांव के बाहर रुकवाई कार, ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं कोडरा गांव के रहने वाले सोनू चौधरी (40) प्रॉपर्टी डीलर के साथ ट्रांसपोर्टर भी थे। वह प्रधानी के चुनाव की तैयारी कर रहे थे। शुक्रवार सुबह 10 बजे वह अपनी व्हाइट क्रेटा कार से अलीगढ़ जा रहे थे। अभी घर से करीब 400 मीटर दूर गांव के बाहर पहुंचे थे। तभी रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने उनकी कार को घेर लिया। इसके बाद उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कीं।चार गोलियां कार के शीशे को चीरते हुए सोनू चौधरी के सीने में जा धंसी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गांव वालों के मुताबिक, बदमाशों में एक हेलमेट लगाए हुए था। सूचना पर पहुंची पुलिस आनन–फानन में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने सोनू चौधरी को मृत घोषित कर दिया।10 साल पहले भाई की हत्या हुई थी भाई रिंकू चौधरी ने बताया, हम चार भाई थे। सबसे बड़े देवेंद्र हैं। मैं सबसे छोटा हूं। दूसरे नंबर के भाई राजेश का 10 साल पहले मर्डर हो गया था। उन्हें भी गोली मारी गई थी। सोनू चौधरी (40) तीसरे नंबर के भाई थे। उन्हें करीब 4–5 गोलियां लगी हैं। उनके सिर में भी गोली लगी हैं।घटनास्थल से बिल्डिंग मटेरियल दुकानदार ने हम लोगों को फोन किया। हम लोग मौके पर पहुंचे। तब भाई कार के अंदर लहूलुहान अवस्था में थे। हम लोग उन्हें मेडिकल कॉलेज लेकर गए। तब उनकी सांस चल रही थी। मगर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोनू की शादी हो चुकी है। उनके 2 बेटे हैं। उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी।प्रॉपर्टी डीलर सोनू चौधरी को शूटरों ने कार के सामने से गोली मारी। कार के सामने के शीशे को चीरती हुईं 4 गोलियां उनके सीने में लगीं। यानी एक भी गोली मिस नहीं हुई। सभी टारगेट पर लगीं।इस तरह से वारदात केवल प्रोफेशनल शूटर कर सकते हैं। पुलिस इस एंगल से भी जांच करने में जुटी है कि हत्या कहीं सुपारी देकर तो नहीं करवाई गई। सोनू चौधरी प्रधानी की तैयारी भी कर रहे थे, इसे लेकर राजनीतिक रंजिश भी हो सकती है।कार के अंदर गोली के 4 खोखे मिले, 3 टीमें गठित पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंची फारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं। कार के सामने के शीशे पर ड्राइविंग सीट की ओर 4 छेद साफ दिख रहे हैं। इससे साफ है कि बदमाशों ने सोनू चौधरी पर सामने से फायर किया। टीम ने मृतक की कार से गोली के 4 खोखे भी बरामद किए हैं।सीओ धनंजय सिंह का कहना है कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज व संदिग्ध नंबरों की सीडीआर जांच के लिए निकलवाई जा रही है। घटना के खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं।

## 25 जुलाई 2025 को समय मध्यान 12:00 बजे विकास भवन सभागार कक्ष में नागरिक सुरक्षा की एक आवश्यक वैठक



आज दिनांक 25 जुलाई 2025 को समय मध्यान 12:00 बजे विकास भवन सभागार कक्ष में नागरिक सुरक्षा की एक आवश्यक वैठक उप नियंत्रक महोदय के आदेशानुसार एवं वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक महोदया के निर्देशन में तथा श्री सी.पी सिंह महोदय की उपस्थिति में आहुति की गई इस आवश्यक बैठक में सिविल डिफेन्स ध् नागरिक सुरक्षा के 60 जवान उपस्थित रहेइस बैठक का मेंन उद्देश्य सावन माह में प्रत्येक सोमवार को निर्धारित किए गए प्रत्येक ड्यूटी प्वाइंटों पर चल रही नागरिक सुरक्षा के जवानों की ड्यूटी के प्रति बैठक में उपस्थित समस्त जवानों को निर्देशित किया गयाबैठक में उपस्थित समस्त जवानों को श्री सी.पी सिंह महोदय के द्वारा बताया गया कि सावन माह के पिछले दोनों सोमवार में नागरिक सुरक्षा के समस्त जवानों की ड्यूटी बहुत ही सराहनीय रही है इसी क्रम में सावन माह के आने वाले दोनों सोमवार को भी सिविल डिफेंस ध्नागरिक सुरक्षा के समस्त जवान अपने अपने ड्यूटी प्वाइंटों पर समय से पहुंचकर पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर पूर्ण मेहनत और लगन से अपनी अपनी ड्यूटी को निभाते हुए शासन व प्रशासन का सहयोग करेंगे,




**सूचना**

विज्ञापन एवं विज्ञप्ति के लिए सम्पर्क करें

कार्यालयः सरोज नगर गली न. 5, क्वार्सी बाईपास रोड, अलीगढ़

हैल्पलाइन न.

8218049162,9870916612

अलीगढ़ उत्तर प्रदेश फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विस एसोसिएशन के प्रतिनिधि प्रांतीय अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौहान द्वारा नलकूप विभाग खंड सेकंड के टेक्नीशियन अरुण कुमार सिंह (मो0 नं0 9568644312) को फेडरेशन का मीडिया प्रभारी नियुक्त करते हुए उनको पटका पहनकर सम्मानित किया और वयुग का संविधान युग निर्माण सत्संगकल्प परम पूज्य गुरुदेव का चित्र भेंट किया।

# 26 जुलाई यही वो तारीख है जब हमारे वीर जवानों ने पाकिस्तान की सेना को करारा जवाब दिया



26 जुलाई का दिन हर भारतीय के लिए गर्व और देशभक्ति का प्रतीक है. यही वो तारीख है जब हमारे वीर जवानों ने पाकिस्तान की सेना को करारा जवाब दिया था और दुश्मनों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था. इसके बाद कारगिल की चोटियों पर भारत का तिरंगा फिर से लहराया था. इस खास मौके को देश कारगिल विजय दिवस के रूप में हर साल मनाता है. इस दिन की बात आते ही हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की लहर दौड़ जाती है और आंखों के सामने शहीदों की कुर्बानियां तैरने लग जाती हैं. ऐसे में आज हम आपको बताते है कि आप इस साल कारगिल विजय दिवस पर वीरों को श्रद्धांजलि किस तरह दें और इस दिन पर कौन से देशभक्ति से भरे संदेश और कोट्स भेजें. साल 1999 में मई से जुलाई के बीच पाकिस्तान की सेना ने चुपचाप कारगिल की पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया था. इसके बाद भारत ने ऑपरेशन विजय नाम से एक बड़ा सैन्य अभियान चलाया. करीब 60 दिनों तक चले इस युद्ध में भारत ने वीरता और साहस की मिसाल पेश करते हुए दुश्मनों को पीछे धकेल दिया. इस युद्ध में करीब 527 भारतीय सैनिक शहीद हुए और 2000 से ज्यादा घायल हुए. 26 जुलाई को भारतीय सेना ने पूरी तरह से जीत हासिल की और कारगिल की चोटियों पर तिरंगा फिर से लहरा दिया. इसलिए 26 जुलाई को हर साल हम उन वीर जवानों को याद करते हैं जिन्होंने अपने इस लड़ाई में भी देश को सुरक्षित रखा.देशभक्ति भरे संदेश और कोट्स 1. वतन पर मिटने वालों का यही निशान होता है,सिर पर पगड़ी और कंधे पर तिरंगा कफन होता है2. खून वतन के शहीदों का रंग लाया है,उछल रहा है जमाने में नाम–ए–आजादी3. दिलों में हौसले का तूफान लिए फिरता हूं,मैं हिंदुस्तान हूं, पानी से भी दिए जलाने का हुनर लिए फिरता हूं4. देशभक्ति की तमन्ना ही अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजू–ए–कातिल में है5. तिरंगा फहराएंगे, शहीदों को सिर झुकाएंगे

जय हिंद जय भारत! जय कारगिल के वीर जवान6. देशभक्तों की चिताओं पर हर साल लगेंगे मेलेमां के चरणों में जो सोया, वो कारगिल का सैनिक था7. मरना है मुझे मेरे वतन में, लौटूंगा तिरंगे के कफन मेंतिरंगा है मेरी जान, कभी नहीं होने दूंगा इसका अपमानकैसे मनाएं कारगिल विजय दिवस?1. शहीदों को श्रद्धांजलि दें, सोशल मीडिया पर पोस्ट करें और शहीदों को याद करते हुए फोटो, संदेश और कोट्स शेयर करें.2. इस खास दिन पर बच्चों को और उन सभी लोगों को बताएं कि इस दिन का महत्व क्या है और वीरों की कहानियां सुनाएं.3. स्कूल–कॉलेज में स्पीच या कार्यक्रम करें,जिसमें देशभक्ति कविताएं, नाटक या झांकियां दिखाएं.4. शहीदों को श्रद्धांजलि देने का अच्छा तरीका, दीप जलाएं या मौन रखें5. फौजी परिवारों का सम्मान करें, जो आज भी अपने अपनों की शहादत को जी रहे है.

## थीम पार्क से लौटते ही दबोच लेती है यह खतरनाक बीमारी, हाथ–पैरों समेत पूरे शरीर की हो जाती है ऐसी हालत



शडिज्नी रैशश, जिसे मेडिकल टर्म्स में एक्सरसाइज–इंड्यूस्ड वैस्कुलाइटिस (म्प्ट) कहते हैं, स्किन की एक कॉमन रिएक्शन है. ये अक्सर पैरों के निचले हिस्से को अफेक्ट करती है और गर्मी, बहुत ज्यादा चलने और धूप के एक्सपोजर से ट्रिगर होती है. थीम पार्क्स में लंबे दिन बिताने के बाद ये काफी कॉमन है. नाम से लग सकता है कि इसका डिज्नी से कोई लेना–देना है, लेकिन ऐसा नहीं है. ये बस ऐसी जगहों पर अक्सर दिखती है.आखिर क्या है डिज्नी रैश?डिज्नी रैश स्किन की एक टाइप की रिएक्शन है, जो छोटी ब्लड वेसल्स में सूजन की वजह से होती है. ये आमतौर पर लोअर लेग्स पर तब दिखती है, जब आप लंबे टाइम तक चलते हैं या कोई फिजिकल एक्टिविटी करते हैं. नाम डिज्नी भले ही हो, पर ये असल में श्रैशश नहीं होती. ये पैरों के निचले, धूप के सीधे कॉन्टैक्ट में आने वाले एरियाज पर दिखती है. अगर आपने सॉक्स पहने हैं, तो ये अक्सर सॉक लाइन के ठीक ऊपर दिखना शुरू होती है और अनकवर्ड स्किन को अफेक्ट करती है. कपड़ों के नीचे या शूज पहने हुए एरिया में इसका दिखना बहुत रेयर है.ये होते हैं लक्षणडिज्नी रैश के सिम्पटम्स पर्सन–टू–पर्सन वैरी करते हैं, लेकिन कुछ कॉमन साइंस हैं. लाल या पर्पल धब्बेध्पैचेस, एंकल्स या काल्व्स में स्वेलिंग, खुजली, झुनझुनी या बर्निंग संसेशन और अफेक्टेड एरिया में उभरे हुए दाने. कुछ केसेस में कोई डिस्कम्फर्ट नहीं होता. ये रैश अक्सर शिन पर दिखती है, लेकिन थाइज को भी अफेक्ट कर सकती है. हालांकि ये अलार्मिंग लग सकती है, लेकिन ये कॉन्टैजियस नहीं है और डेंजरस नहीं है. ये आमतौर पर 10 दिन में अपने आप ठीक हो जाती है. खासकर जब आप कूलर कंडीशंस में वापस आ जाएं या धूप से दूर रहें.डिज्नी रैश से कैसे बचें?डिज्नी रैश से बचने के लिए कुछ आसान और प्रैक्टिकल स्टेप्स अपनाए जा सकते हैं. अपनी स्किन को धूप से प्रोटेक्ट करें. डायरेक्ट सन एक्सपोजर कम करें और हल्के, हवादार कपड़े पहनें. ब्रॉड–स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन भी हेल्पफुल है. अगर आपको पहले रैश हुआ है, तो कम्प्रेशन सॉक्स या लेगिंग्स ट्राई करें. ये ब्लड सर्कुलेशन इम्प्रूव करते हैं. पैरों की जेंटल मसाज और हाइड्रेटेड रहना भी जरूरी है, ताकि सूजन न बढ़े. आखिर में, हॉट या ह्यूमिड वेदर में सही क्लोदिंग चुनें. इन तरीकों से आप डिज्नी रैश से बच सकते हैं और अपनी आउटडोर एक्टिविटीज एन्जॉय कर सकते हैं.

## चिकनगुनिया की चपेट में आ सकते हैं दुनिया के पांच अरब लोग, WHO ने दी चेतावनी

बरसात का मौसम आते ही हर साल मच्छरों का आतंक शुरू हो जाता है, हर साल इनसे पनपने वाली बीमारी से कई हजारों लोगों की मौत हो जाती है. देश की राजधानी दिल्ली समेत देश के अलग–अलग हिस्सों में डेंगू से लेकर चिकनगुनिया का खतर बना रहता है. चिकनगुनिया का खतरा अब वैश्विक स्तर पर बढ़ता जा रहा है. विश्व स्वास्थ्य संगठन (ॅभ्) की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में करीब पांच अरब लोग इस बीमारी की चपेट में आने के जोखिम में हैं. 119 देशों में यह वायरस पहले ही दस्तक दे चुका है, जो चिंता का विषय है. डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक लगभग 5.6 अरब लोगों तक इस वायरस के फैलने का खतरा है. रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन इस संक्रमण को और तेजी से फैलाने में मदद कर रहे हैं. इस वजह से ॅभ् ने देशों से सख्त कदम उठाने और बचाव रणनीति बनाने की अपील की है.भारत में भी चिकनगुनिया के मामले लगातार सामने आ रहे हैं. पिछले साल ही 17,000 से अधिक केस दर्ज किए गए थे. विशेषज्ञों का कहना है कि बरसात के मौसम में यह खतरा और बढ़ जाता है क्योंकि मच्छरों का प्रजनन इसी समय सबसे ज्यादा होता है.अब तक चिकनगुनिया को उष्णकटिबंधीय और उप–उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की बीमारी माना जाता था, लेकिन अब यह यूरोप में भी फैल रहा है. रिपोर्ट के अनुसार, 2004–05 में अफ्रीका से शुरू हुआ यह संक्रमण धीरे–धीरे एशिया, अमेरिका और यूरोप तक पहुंच चुका है.यह बीमारी संक्रमित मादा मच्छरों के काटने से फैलती है, खासकर एडीज एजिप्टी और एडीज एल्बोपिक्टस प्रजाति के मच्छर से. ये मच्छर दिन के समय ज्यादा सक्रिय रहते हैं और बरसात के मौसम में इनकी संख्या बढ़ जाती है.चिकनगुनिया के लक्षण डेंगू जैसे होते हैं, अचानक तेज बुखार, जोड़ और मांसपेशियों में दर्द, थकान और त्वचा पर लाल चकत्ते. गंभीर मामलों में यह बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है. ॅभ् ने चेतावनी दी है कि अगर समय पर इलाज न मिले तो मौत के मामले भी बढ़ सकते हैं.इससे बचने का सबसे बड़ा उपाय है कि इसके लिए जारी सुरक्षा नियमों का पालन किया जाए. पानी जमा न होने दें और मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी या रिपेलेंट का उपयोग करें. आसपास सफाई रखें और खुले बर्तनों में पानी न छोड़ें. हल्के रंग के कपड़े पहनें और जितना हो सके शरीर को ढककर रखें. WHO का कहना है कि इस समय चिकनगुनिया के लिए कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, इसलिए सावधानी ही सबसे बड़ा हथियार है.

## रोजाना खाते हैं चिकन तो यह कैंसर होना पक्का! सर्वे में सामने आया डराने वाला सच

अगर आप नॉन वेज खाने के शौकीन हैं तो आपकी थाली में चिकन जरूर शामिल होता होगा. अगर इसका जवाब हां है तो आपको सावधान हो जाने की जरूरत है. यह हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि इटली में हुई एक नई स्टडी में चौंकाने वाला दावा हुआ है. रिसर्च के मुताबिक, हफ्ते में चार बार या उससे ज्यादा चिकन खाने से पेट के कैंसर (गैस्ट्रिक कैंसर) का खतरा बढ़ सकता है. यह स्टडी 'न्यूट्रिएंट्स' नामक जर्नल में पब्लिश हुई है. इसमें 4000 से ज्यादा लोगों को शामिल किया गया था. प्रतिभागियों से उनकी डेमोग्राफिक डिटेल्स, हेल्थ कंडीशन, लाइफस्टाइल आदतें और पर्सनल हिस्ट्री से जुड़ी जानकारी ली गईं. इसके अलावा उन्हें डिटेल फूड क्वेश्चनर दिया गया, जिसमें खास तौर पर यह पूछा गया कि वे कितनी मात्रा में मांस खाते हैं. मांस को रेड मीट, पोल्ट्री और टोटल मीट में बांटा गया था.स्टडी के दौरान कई प्रतिभागियों की मौत भी हुई. जिन लोगों की मौत गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर से जुड़ी जटिलताओं के कारण हुई, वे औसतन ज्यादा मांस खाने वाले थे.रिसर्च के मुताबिक, जो लोग हफ्ते में 300 ग्राम से ज्यादा पोल्ट्री खाते हैं, उनमें मरने का खतरा 27 प्रतिशत ज्यादा पाया गया, उनकी तुलना में जो 100 ग्राम से कम खाते हैं. खास बात यह है कि जितनी ज्यादा मात्रा में चिकन खाया गया, खतरा उतना बढ़ा. पुरुषों में यह जोखिम और भी ज्यादा




निकला. जो पुरुष हफ्ते में 300 ग्राम से ज्यादा चिकन खाते थे, उनमें गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर से मौत का खतरा दोगुना पाया गया.शोधकर्ताओं के मुताबिक, इसका सटीक कारण अभी साफ नहीं है, लेकिन उनके कुछ अनुमान हैं.ओवरकुकिंग का खतरारू चिकन को ज्यादा पकाने पर म्यूटेजन्स नामक केमिकल बनते हैं, जो डीएनए में बदलाव (म्यूटेशन) कर सकते हैं. ये बदलाव कई बार खतरनाक साबित होते हैं और कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बनते हैं.फीड में मौजूद केमिकलरू मुर्गियों के चारे में इस्तेमाल होने वाले हार्मोन और कीटनाशक भी इंसानों में कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकते हैं.पुरुषों में ज्यादा खतरे को लेकर शोधकर्ता भी असमंजस में हैं. उनका मानना है कि हार्मोनल डिफरेंस भी इसमें भूमिका निभा सकता है. उन्होंने चूहों पर हुई एक स्टडी का हवाला दिया, जिसमें पाया गया कि महिलाओं में पाया जाने वाला एस्ट्रोजन हार्मोन मेटाबॉलिज्म और बीमारी के रिस्क को प्रभावित करता है. हालांकि, रिसर्चर्स का कहना है कि इन सभी पहलुओं पर और गहन स्टडी की जरूरत है. साथ ही, उन्होंने यह भी जोड़ा कि पुरुषों और महिलाओं के डाइट पैटर्न में भी बड़ा अंतर होता है. आमतौर पर महिलाएं छोटे हिस्से में भोजन करती हैं, जो उनके लिए सुरक्षित हो सकता है.

## पूर्ण सूर्य ग्रहण 2 अगस्त को लगेगा? 100 साल के सबसे लंबे ग्रहण पर क्यों बढ़ा भ्रम, जानें क्या है तारीख, दिन में छाएगा अंधेरा

दुनिया एक बड़े सूर्य ग्रहण की गवाह बनने जा रही है। ये पूर्ण सूर्य ग्रहण करीब 6 मिनट लंबा होगा। ऐसा सूर्य ग्रहण अगले 100 साल तक देखने को नहीं मिलेगा। इस खगोलीय घटनाओं के लिए तेजी से लोगों की दिलचस्पी बढ़ रही है। खासतौर से इसकी तारीख को लेकर सोशल मीडिया पर कई दावे हैं। इसमें सबसे प्रमुख दावा ये है कि इस साल 2 अगस्त को पूर्ण सूर्य ग्रहण होने जा रहा है। इससे एक भ्रम लोगों में पैदा हो रहा है क्योंकि यह तारीख पूरी तरह ठीक नहीं है। खगोलविदों ने पुष्टि की है कि 2 अगस्त, 2025 को सूर्य ग्रहण नहीं होगा।पूर्ण सूर्य ग्रहण 2 अगस्त को जरूर होगा लेकिन साल 2027 लगेगा। यानी दो साल बाद दुनिया आसमान में इस अनोखे नजारे की गवाह बनेगी। यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और अरब के बड़े हिस्सों में 2 अगस्त, 2027 को होने वाला ये दुर्लभ पूर्ण सूर्यग्रहण दिखाई देगा। इस ग्रहण की सबसे खास बात इसका समय होगा। यह सूर्य ग्रहण के 6 मिनट और 23 सेकंड तक चलेगा। इससे यह करीब 100 साल का सबसे लंबा चलने वाला सूर्य ग्रहण बन जाएगा। 2027 के बाद इस तरह का सूर्य ग्रहण 2114 में होगा खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वालों के लिए यह सूर्य ग्रहण खास होने जा रहा है क्योंकि इस दौरान छह मिनट के लिए दुनिया का बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूब जाएगा। इतने समय तक चंद्रमा इतने समय तक सूर्य के कोरोना को पूरी तरह ढंक लेगा और आसमान में अंधेरा फैल जाएगा। यह सूर्यग्रहण अपनी लंबी अवधि की वजह से खगोलविदों को ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने का मौका देगा।2 अगस्त, 2027 में होने वाला सूर्य ग्रहण का पूर्ण पथ 275 किलोमीटर चौड़ा है। ऐसे में यह कई महाद्वीपों को कवर करेगा। यह सूर्य ग्रहण अटलांटिक महासागर से शुरू होकर जिब्राल्टर जलडमरूमध्य, दक्षिणी स्पेन, उत्तरी अफ्रीका से अरब प्रायद्वीप तक जाएगा। हालांकि हिंद महासागर के ऊपर जाकर यह धुंधला हो जाएग यह पूर्ण सूर्य ग्रहण सबसे पहले दक्षिणी स्पेन, जिब्राल्टर और मोरक्को में दिखाई देगा। इसके बाद अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, लीबिया और मिस्र में सूर्य ग्रहण तब होगा, जब वह आकाश में अपने उच्चतम बिंदु पर होगा। मिस्र के बाद सूर्य ग्रहण लाल सागर को पार करते हुए सऊदी अरब, यमन और सोमालिया में अंधेरा करेगा।अगस्त, 2027 का सूर्यग्रहण भारत और आसपास के देशों में दिखाई नहीं देगा। ऐसे में भारतीयों को इससे एक हद तक निराशा हो सकती है। एक्सपर्ट का कहना है कि लीबिया का बेंगाजी इस सूर्य ग्रहण को देखने के लिए एक अच्छा स्थान होगा। मिस्र के ऐतिहासिक शहर लक्सर और इटली के लैम्पेडुसा द्वीप में भी ग्रहण स्पष्ट देखा जा सकेगा।